# University in News on 15 January 2020

## DAINIK JAGRAN

# ‘आगे बढ़ने के लिए सब के साथ की जरूरत’



महाविद्यालयों के प्राचार्यों व विभागाध्यक्षों को संबोधित करते लविवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार। साथ में मंच पर डॉ. मधुरिमा लाल, प्रो. निशी पांडेय • फोटो सौजन्यः लविवि प्रशासन

जासं, लखनऊ : शताब्दी वर्ष में विद्यार्थियों और अपने संस्थानों के विकास पर केंद्रित करते हुए आगे बढ़ना होगा। साथ मिलकर चलने से निश्चित तौर पर परेशानियां अपना रुख मोड़ लेंगी। यह कहना था लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय का।

लविवि में मंगलवार को सहयुक्त महाविद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक हुई। मालवीय सभागार में अधिष्ठाता कॉलेज विकास परिषद द्वारा आयोजित बैठक की अध्यक्षता लविवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने की। प्राचार्यों को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि हम सब साथ चलेंगे तभी आगे बढ़ सकेंगे। बैठक में लविवि एवं सहयुक्त एवं संबद्ध सभी कॉलेजों ने संकल्प पत्र भरा कि इस बार गणतंत्र दिवस पर बड़े पैमाने पर पौधरोपण होगा। इस दौरान प्रो. निशी पांडेय, डॉ. अनूप कुमार सिंह, डॉ. वैशाली सक्सेना एवं डॉ सुनीता श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## AMAR UJALA-MY CITY

# लविवि में पीएचडी दाखिले के लिए आवेदन आज से

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2019-20 की पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया बुधवार से शुरू हो जाएगी। विवि ने सभी आपत्तियों का निस्तारण करने के बाद पीएचडी की सीट जारी कर दीं। नई सूची में पिछली सूची से बाहर रहे कंप्यूटर साइंस और तमिल जैसे कई विषयों को शामिल किया गया है। इस वजह से सीट संख्या 478 से बढ़कर 492 हो गई है। आवेदन की अंतिम तारीख छह फरवरी और विलंब शुल्क के साथ 10 फरवरी तय की गई है। इसकी प्रवेश परीक्षा 16 से 20 मार्च के बीच प्रस्तावित है।

विवि में मंगलवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में प्रवेश समिति की बैठक हुई। बैठक में तय किया गया कि विवि में जो विभाग हैं, उनमें पीएचडी कराई जाएगी। इसके साथ ही पर्यावरण विज्ञान में वनस्पति विज्ञान और भूगर्भ विज्ञान में परास्नातक करने वाले विद्यार्थी पीएचडी करने के प्रस्ताव पर भी मुहर लगाई गई। जैव सांख्यिकी के परास्नातक विद्यार्थियों को केवल सांख्यिकी में ही पीएचडी करने की अनुमति दी गई है।

पीएचडी प्रवेश परीक्षा में लिखित परीक्षा 70 अंक की और मौखिक 30 अंक की होगी। कॉलेज के शिक्षकों की पीएचडी कराने की योग्यता का निर्धारण करने के लिए दो डीन और एक प्राचार्य की समिति फैसला करेगी। आवेदन फॉर्म बुधवार से विवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर उपलब्ध होंगे।



*492 सीटों पर होंगे दाखिले, 16 से 20 मार्च के बीच होगी प्रवेश परीक्षा*

### पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया

- 15 जनवरी से शुरू होगा आवेदन
- 06 फरवरी आवेदन की अंतिम तारीख
- 10 फरवरी विलंब शुल्क के साथ आवेदन की लास्ट डेट
- 15 फरवरी को प्रवेश परीक्षा का पाठ्यक्रम जारी होगा
- 18 फरवरी तक परीक्षा कार्यक्रम पर आपत्तियां मांगी जाएंगी
- 24 फरवरी को फाइनल परीक्षा कार्यक्रम जारी किया जाएगा
- 26 फरवरी से प्रवेश पत्र जारी होगा
- 16 से 20 मार्च के बीच होगी प्रवेश परीक्षा

### किस विषय में कितनी सीटें

**कला संकाय**
- प्राचीन भारतीय इतिहास व आर्कियोलॉजी- 4
- मानव विज्ञान- 3
- अरेबिक- 21
- अर्थशास्त्र- 16
- अंग्रेजी- 21
- फ्रेंच- 2
- हिंदी- 40
- गृहविज्ञान- 8
- मध्यकालीन व आधुनिक इतिहास- 3
- पत्रकारिता- 2
- लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस- 2
- लिंग्विस्टिक्स- 2
- ज्योतिर्विज्ञान- 2
- ओरिएंटल संस्कृत- 4
- पर्शियन- 10
- फिलॉसिफी- 16
- फिजिकल एजुकेशन- 9
- राजनीति विज्ञान- 7
- मनोविज्ञान- 7
- लोक प्रशासन- 2
- संस्कृत- 10
- समाजकार्य- 8
- समाजशास्त्र- 40
- उर्दू- 7
- वेस्टर्न हिस्ट्री- 1

**विधि संकाय**
- विधि- 38

**शिक्षा संकाय-**
- शिक्षाशास्त्र- 5

**ललित कला संकाय**
- ललित कला- 7
- व्यवसायिक कला- 0

**वाणिज्य संकाय**
- अप्लाइड इकोनॉमिक्स -14
- बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन- 6
- कॉमर्स- 21

**विज्ञान संकाय**
- बायोकेमिस्ट्री- 6
- बॉटनी- 19
- केमिस्ट्री- 23
- कंप्यूटर साइंस- 6
- जियोलॉजी- 11
- गणित- 15
- फिजिक्स- 44
- स्टेटिसटिक्स- 10
- जूलॉजी- 22

**कुल सीटें 492**